# जंगल

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हे बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ।*
*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*
*- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।*
*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियाँ -


- चित्र पर चर्चा? कहानी बनाना कहना, रोल प्ले।
- चित्र में बने जानवर देखकर उनके चित्र कार्ड ढूंढना। चित्रों के नीचे नाम लिखना (जो न बने- उन्हें चित्र कार्ड से देखकर)।
- चित्र में लिखे नामों को पढ़ना व लिखना।
- जानवरों के बारे में चर्चा- कौन क्या खाता है? कहाँ रहता है- कैसे चलता है? कौन से जीव देखे हैं आदि।
- सभी जीवों के नाम डिब्बे में लिखना।
- उड़ने वाले, जमीन पर रहने वाले पानी में रहने वाले कौन से जानवर हैं- उपयुक्त जगह पर नाम लिखना (एक जीव का नाम एक से अधिक समूह में भी आ सकता है)। कौन से समूह में सबसे अधिक जानवर आए?
- चित्र में गिनना।
- बड़े, छोटे, दूर पास आगे पीछे का अहसास।

***नोट- इस पन्ने में मुख्य रूप से बारीक अवलोकन एवं चित्र पढ़ने के अभ्यास के साथ-साथ चित्र की सहायता से शब्द पढ़ना व लिखना भी है।***

***- दूसरा प्रमुख बिन्दु समूहीकरण का है। ध्यान रहे समूहीकरण वर्गीकरण से फर्क है। समूहीकरण में एक जानवर एक से अधिक समूह में आ सकता है।***

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराई-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |


चमगादड़
गिलहरी
शेर
मगर
सारस
केंकड़ा
साँप

# जंगल

जमीन पर रहने वाले जानवर

पानी में रहने वाले जीव

उड़ने वाले जीव

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?

# किसमें ज्यादा किसमें कम

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हें बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियाँ भी सोचें व कराएँ।*

*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएं। अगले पन्नों की कुछ गतिविधियां करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*

*- ठोस वस्तुओं व कार्डों का अधिक से अधिक उपयोग करें।*

*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियाँ -

- दोनों चित्रों पर कहानियाँ सुनना - सुनाना

बच्चों को लाइन में खड़ा करके पूछना तीसरा बच्चा हाथ ऊपर करे। पांचवा कूदे... आदि। चीजों को क्रम में रखकर कंकड़, पत्ती आदि चौथी, पांचवी चीज उठाना....

- चित्रों पर चर्चा- पहले पेड़ पर कितने आम हैं? दूसरे पर, तीसरे पर...
- उपयुक्त अंक कार्ड ढूंढकर उपयुक्त पेड़ के ऊपर रखना। संख्या लिखना।
- सबसे अधिक आम किस पेड़ पर? चौथे पेड़ से कितने अधिक? जैसे सवाल पूछना
- सब पेड़ों पर कुल आम कितने हैं?
- यदि सुरता ने पहले तीन पेड़ के आम तोड़े और आजाद ने चौथे और पांचवे पेड़ के तो किसे अधिक मिलेंगे।
- सबसे कम से सबसे अधिक क्रम में जमाओ- 2,1,4,35,
- सबसे कम- सबसे अधिक फूलों वाली माला।हर माला के पास उसकी संख्या लिखना। कम से अधिक वाली मालाएं लाईन से जोड़ना।
- पहली लाइन में कुल कितनी मालाएँ? कितने फूल? दूसरी लाईन?.... किसमें ज्यादा, किसमें कम? किसी माला पर उंगली रखकर पूछना - इससे एक कम फूल किसमें हैं? एक ज्यादा किसमें?

***नोट - संख्या की दो अवधारणाएं होती है- क्रमात्मक और संख्यात्मक। पहली अवधारणा में पहला, दूसरा, तीसरा होता है जो कि किसी क्रम में उसकी जगह दर्शाता है। हर में चीज़ एक ही होती है- भले ही चौथी क्यों न हो।***

***- गिनती का क्रम एक और से ही बढ़ता है। अगली संख्या में पिछली से एक अधिक ही होगा।***

***- कुछ नहीं को शून्य के रूप में दर्शाना। शून्य से परिचय।***


इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराईं-


| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?

# किसमें ज्यादा किसमें कम?





# ढूंढो-ढूंढो

| | | |
|---|---|---|
| चू | सा | ति |
| हा | थी | त |
| म | छ | ली |

तितली मछली चूहा आया गया
आई गई चिड़िया सो हाथी

| | | |
|---|---|---|
| सो | आ | या |
| ग | ई | ग |
| चि | ड़ि | या |


| | | |
|---|---|---|
| के | पे | ड़ |
| घ | र | फू |
| ड़ी | फ | ल |

के फल फूल पेड़ नीचे जाता घड़ी
पर ला

| | | |
|---|---|---|
| नी | चे | जा |
| ला | खा | ता |
| ऊ | प | र |

कप

घर



बकरी

टायर


बस

मछली

बेलन

आम

नल



साइकिल

तितली

तराजू

त न क र म ली ब बे टा स का

# ढूंढो-ढूंढो

*सुझाई गई गतिविधियाँ केवल सुझाव मात्र है। इन्हे बदल कर भी कराया जा सकता है। इनके अलावा और गतिविधियां भी सोचें व कराएँ।*
*- सभी गतिविधियाँ लगातार एक के बाद एक न कराएँ अगले पन्नों की कुछ गतिविधियाँ करके वापस इस पन्ने पर लौटें।*
*- ठोस वस्तुओं व कार्डो का अधिक से अधिक उपयोग करें।*
*- बच्चों को बोलने के पर्याप्त मौके दें। मौलिकता व कल्पनाशीलता पर ज़ोर दें। शुद्ध उच्चारण व भाषा की अपेक्षा कम करें। मातृ भाषा के उपयोग को न रोकें-टोकें।*

## गतिविधियाँ -

- चौकोर में बने अक्षरों में शब्द ढूंढना। शब्द → और ↓ दिशा में ही ढूंढें। जैसे पहले चौकोर में चूहा हाथी.... आदि। कुछ शब्द बीच में दिए हैं पर बनते और भी हैं।
- शब्दों के चित्र कार्ड,शब्द कार्ड ढूंढना, चित्र बनाना।
- शब्द कार्डो से वाक्य बनाना। उन्हें लिखना।
- वाक्य से छोटी सी घटना या कहानी बनाकर लिखना। इसमें और शब्द भी जोड़ सकते हैं। जैसे *तितली आई। चिड़िया आई। तितली फूल के ऊपर चिड़िया पेड़ के नीचे।*
- नीचे दिए शब्दों को पढ़ कर उनके चित्र बनाना। यदि पढ़ते न बने तो शब्द चित्र कार्ड ढूंढकर देखना। परंतु चित्र मन से बनाना चित्र कार्ड से उतारना नहीं
- अक्षर कार्ड की सहायता से नीचे दिए गए अक्षर ढूंढना।
- नीच दिये गये अक्षर ऊपर के शब्दों में ढूंढना। बाकी पुस्तक में भी ढूंढना।
इन अक्षरों से शुरू या अन्त होने वाले शब्द बोलना
- अक्षरों से नए शब्द बनाना।
- चित्र कार्डो से कई तरह की कहानी सुनना - सुनना। शिक्षक लिखें और बच्चे पढ़ने की कोशिश करें।

***नोट - इस पन्ने में पढ़ने के कई तरह के अभ्यास हैं। इस तरह के अभ्यास पहले भी कराए गये थे एवं आगे उपयुक्त संदर्भ में कराना ज़रूरी हैं।***

इस पन्ने पर आपने कौन सी गतिविधियाँ कराईं-

| दिनांक | गतिविधि | दक्षताएँ | समय | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

आपने इस पन्ने पर अपनी तरफ से कौन सी नई गतिविधियाँ बनाईं व कराईं (संक्षिप्त विवरण)

आपको व बच्चों को कौन सी गतिविधियों में ज्यादा मज़ा आया? किनमें दिक्कत आई?